यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने महिला उद्यमियों को रिकॉर्ड ऋण संवितरण की घोषणा की

मुंबई, **29 सितंबर**, **2022:** महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आज अपनी प्रमुख योजना यूनियन नारी शक्ति के तहत महिला उद्यमियों को 1000 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण के संवितरण की घोषणा की.

बाजार लीडरशिप हासिल करने के लिए यूनियन नारी शक्ति को बैंक के विशिष्ट उत्पादों में से एक पहचाना गया है. इस योजना में महिला उद्यमियों के लिए 2 लाख से 10 करोड़ रुपए की सीमा तक आवश्यकता आधारित ऋण सुविधाओं को उदार नियमों पर स्वीकृति परिकल्पित की गई है.
बड़ी संख्या में महिला उद्यमियों की सहायता करने के अपने विज़न के हिस्से के रूप में, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने यूनियन नारी शक्ति योजना के तहत एक महीने का लंबा अभियान चलाया और उक्त अभियान अवधि के दौरान, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने देश भर में 10000 से अधिक महिला उद्यमियों को 1000 करोड़ रुपए से अधिक की रिकॉर्ड राशि का संवितरण किया.

इस अवसर पर बोलते हुए, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक (एमएसएमई) श्री सी एम मिनोचा ने कहा कि यह हमारी बैंक के लिए विशेष क्षण है कि इस त्योहारी मौसम में, नारी शक्ति का सम्मान करते हुए, वह महिला उद्यमियों की सहायता करने में मील का पत्थर हासिल किया है. उन्होंने आगे कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सभी एमएसएमई के लिए पहली पसंद का बैंक बनने के अपने विज़न के हिस्से के रूप में महिला उद्यमियों की सहायता करने का यह सफर आगे भी जारी रखेगा.

....